# स्वर्ण नगरी की सैर

---

**पाठ का सार-** इस पाठ में राजस्थान के प्रमुख शहर स्वर्ण नगरी जैसलमेर का वर्णन किया गया है। एक यात्रा संस्मरण की तरह इस पाठ में जैसलमेर की सैर के बहाने वहाँ के रेते के धोरों, हवेलियों की स्थापत्य कला, मंदिर, झरोखों और किलों के बारे में खूबसूरती के साथ वर्णन किया गया है। जहाँ एक ओर रेत के अथाह समन्दर की खूबसूरती का वर्णन है वहीं दूसरी ओर जैसलमेर के प्राकृतिक सौन्दर्य, वनस्पति, वहाँ के खान-पान, पहनावे और लोकसंस्कृति का वर्णन भी किया गया है। इस पाठ के माध्यम से जैसलमेर के बारे में बहुत कुछ जाना जा सकता है।

**कठिन-शब्दार्थ-** सजग प्रहरी = चौकस पहरेदार। स्वर्णनगरी = सोने-सा शहर। दुर्गम = मुश्किल। निर्णय करना = फैसला करना/तय करना। दुर्ग = किला। पाषाण = पत्थर । निर्माण करवाना = बनवाना। नक्काशी = पत्थर पर की गई कारीगरी। लाजवाब = जिसकी कोई बराबरी नहीं हो। वाशिन्दों = निवासियों। सौन्दर्य = सुन्दरता । अथाह = बहुत गहरा/बड़ा। बरबस = अनायास/जबरदस्ती। मखमली = मखमल जैसी/ मुलायम । आस्वादन = चखना/खाना/स्वाद लेना। पोल = बड़ा दरवाजा । प्रतिमाएँ = मूर्तियाँ। रुख = मुंह। दिशा। रोमांचित = खुशी से रोम-रोम खिल उठना

## पाठ्यपुस्तक के प्रश्नोत्तर

### सोचें और बताएँ

**प्रश्न 1.** किला किस पहाड़ी पर बना हुआ है ?
**उत्तर:** किला त्रिकूट पहाड़ी पर बना हुआ है।

**प्रश्न 2.** जैसलमेर दुर्ग का निर्माण किसने करवाया ?
**उत्तर:** जैसलमेर दुर्ग का निर्माण महारावल राव जैसल ने करवाया।

**प्रश्न 3.** गड़ीसर पाल पर बने मंदिर का क्या नाम है ?
**उत्तर:** गड़ीसर पाल पर बने मंदिर का नाम मुक्तेश्वर मंदिर है।

## लिखें

### प्रश्न 1. सही उत्तर का क्रमाक्षर छाँटकर कोष्ठक में लिखिए

(अ) दुर्ग के प्रथम द्वार का नाम है
(क) गणेश पोल
(ख) अखै पोल

(ग) सूरज पोल
(घ) हवा पोल

**उत्तर:** (ख) अखै पोल।

(ब) दुर्ग के चारों ओर बुर्ज हैं
(क) नौ
(ख) उन्नीस
(ग) निन्यानवे
(घ) नवासी.

**उत्तर:** (ग) निन्यानवे ।

(स) शक्ति स्थल स्थित है
(क) पोकरण में
(ख) बीकानेर में
(ग) स्वर्णनगरी में
(घ) सम में

**उत्तर:** (क) पोकरण में।

**प्रश्न 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति करें**

(अ) ................. विश्व के किसी भी शहर से मेल नहीं खाती।
(ब) किले की सड़क भी ........... की बनी है।
(स) वहाँ ऊँट की सवारी ने बहुत ............... किया।
(द) सेलवी गाँव स्थित ............... के दर्शन किए।

**उत्तर:** (अ) स्वर्ण नगरी (ब) पत्थरों (स) रोमांचित (द) कदलीवन धाम

**प्रश्न 3. जैसलमेर में रेत का अथाह समन्दर कहाँ स्थित है ?**

**उत्तर:** जैसलमेर के सम के धोरों में रेत का अथाह समन्दर स्थित है।

**प्रश्न 4. जैसलमेर दुर्ग का नाम लिखें।**

**उत्तर:** जैसलमेर दुर्ग का नाम त्रिकूटगढ़ दुर्ग है।

**प्रश्न 5. जैसलमेर किले में स्थित दर्शनीय स्थलों के नाम लिखें।**

**उत्तर:** जैसलमेर किले में रंग महल, मोती महल, जैन मंदिर तथा लक्ष्मीनाथ जी का मंदिर इत्यादि दर्शनीय स्थल हैं।

**प्रश्न 6. "इसे हवेलियों और झरोखों की नगरी भी कहते हैं।" क्यों ?**

**उत्तर:** इसे हवेलियों और झरोखों की नगरी इसलिए कहते हैं क्योंकि यहाँ पर पटवों की हवेली, नथमल की हवेली, सालम सिंह की हवेली इत्यादि हवेलियाँ दर्शनीय हैं। इनके झरोखों पर बनी नक्काशी उत्कृष्ट है।

**प्रश्न 7. स्वर्णनगरी में दर्शनीय स्थलों की क्याक्या विशेषताएँ हैं?**

**उत्तर:** स्वर्णनगरी के दर्शनीय स्थल अत्यन्त कलात्मक हैं। इनके पत्थरों पर देवी-देवताओं की प्रतिमाएँ बनी हुई हैं। हवेलियों और झरोखों पर लाजवाब नक्काशी की गई है। दुर्ग के पत्थर स्वर्ण की भाँति चमकते हैं। दुर्ग के चारों ओर बुर्ज बने हुए हैं, जो दुर्ग को मजबूती प्रदान करते हैं।

## भाषा की बात

**प्रश्न 1. इस पाठ में 'किले' को दुर्ग भी कहा गया है। आप भी निम्न शब्दों के पर्यायवाची शब्द | लिखें**

पाषाण –
तालाब –
बगीचा –
मन्दिर –

**उत्तर:**

पाषाण- पत्थर, पाहन
तालाब- सरोवर, तड़ाग
बगीचा- उपवन, उद्यान
मन्दिर- देवालय, देवस्थान

**प्रश्न 2. पाठ में आए मुहावरों की सूची बनाइये।**

**उत्तर:**

1. जीवन दुर्गम बनना
2. दाँतों तले अँगुली दबाना
3. मेल नहीं खाना
4. प्यास बुझाना.
5. सौन्दर्य बिखेरना
6. सीना गर्व से फूल जाना
7. यादें ताजा करना

## यह भी करें

पाठ में जैसलमेर यात्रा का वर्णन है। आपने भी अपने आसपास के दर्शनीय स्थलों की यात्रा की होगी। आप द्वारा की गई यात्रा के बारे में अपनी कक्षा में सुनाइए।

**उत्तर:** अपनी यात्रा का वर्णन अपने अनुभव के आधार पर कीजिए।

स्वर्णनगरी के सम्बन्ध में मुख्य बातें बालसभा में सुनाएँ।

**उत्तर:** प्रस्तुत पाठ को अच्छी तरह पढ़कर सुनाएँ।

## अन्य महत्त्वपूर्ण प्रश्नोत्तर

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**प्रश्न 1. सभी नगरों को उनकी किसी न किसी विशेषता के कारण जाना जाता है। इनमें से 'स्वर्ण नगरी' के रूप में कौनसा शहर जाना जाता है**

(अ) जोधपुर को
(ब) उदयपुर को
(स) जैसलमेर को
(द) जयपुर को

**उत्तर:** (स) जैसलमेर को

**प्रश्न 2. कौनसी कक्षा के छात्र स्वर्णनगरी की सैर पर गए। थे ?**

(अ) पाँचवीं कक्षा के
(ब) आठवीं कक्षा के

(स) सातवीं कक्षा के
(द) छठी कक्षा के

**उत्तर:** (अ) पाँचवीं कक्षा के

**प्रश्न 3. रेतीले धोरों ने जैसलमेर के लोगों का जीवन कैसा बना दिया ?**

(अ) सुगम
(ब) दुर्गम
(स) आसान
(द) खुशहाल

**उत्तर:** (ब) दुर्गम

**प्रश्न 4. किसकी सवारी कर सबको बहुत आनन्द आया**
(अ) ऊँट की सवारी
(ब) घोड़े की सवारी
(स) बस की सवारी
(द) बैलगाड़ी की सवारी

**उत्तर:** (अ) ऊँट की सवारी

## रिक्त स्थान भरो

**(आलसी, यात्रा, मखमली, सजग, राव जैसल, गड़ीसर, सुनहरी)**

**प्रश्न 1. भारत की पश्चिमी सीमा का .............. प्रहरी है। जैसलमेर।।**

**उत्तर:** सजग

**प्रश्न 2. महारावल ............. ने जैसलमेर दुर्ग का निर्माण करवाया था।**

**उत्तर:** राव जैसल

**प्रश्न 3. हवेलियाँ देखने के बाद हम ............... गए।**

**उत्तर:** गड़ीसर

**प्रश्न 4. हम सम के धोरों की ............. रेत पर खूब नाचे।**

**उत्तर:** मखमली

**प्रश्न 5. वास्तव में वह ........... भुलाए नहीं भूलती।।**

**उत्तर:** यात्रा

## निम्न में से सत्य/असत्य कथन बतलाइये

**प्रश्न 1. स्वर्णनगरी सोने की बनी हुई है।**

**उत्तर:** असत्य

**प्रश्न 2. पूरी पाँचवीं कक्षा के छात्रों ने घूमने का निर्णय किया।**

**उत्तर:** सत्य

**प्रश्न 3. दुर्ग पर बने बुर्ज दुर्ग को कमजोर बनाते हैं।**

**उत्तर:** असत्य

**प्रश्न 4. महारावल राव जैसल ने दुर्ग का निर्माण करवाया था।**

**उत्तर:** सत्य

## अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

**प्रश्न 1. हवेलियाँ देखने के बाद सब लोग कहाँ गए ?**

**उत्तर:** हवेलियाँ देखने के बाद सब लोग गड़ीसर गए।

**प्रश्न 2. जैसलमेर दुर्ग के पत्थर किससे चमक रहे थे ?**

**उत्तर:** जैसलमेर दुर्ग के पत्थर सूर्य की किरणों से चमक रहे थे।

**प्रश्न 3. सम के धोरों की रेत कैसा आभास कराती थी ?**

**उत्तर:** सम के धोरों की रेत मखमली कोमलता का आभास कराती थी।

**प्रश्न 4. सब लोगों ने किसकी सवारी का आनन्द लिया?**

**उत्तर:** सब लोगों ने ऊँट की सवारी का आनन्द लिया।

## लघूत्तरात्मक प्रश्न

**प्रश्न 1. जैसलमेर दुर्ग का संक्षिप्त वर्णन करो।**

**उत्तर:** जैसलमेर का किला त्रिकूट पहाड़ी पर बना हुआ है। इसे त्रिकूटगढ़ के नाम से भी जाना जाता है। इसका निर्माण महारावल राव जैसल ने करवाया था। सूरज की रोशनी में यह किला सोने की भाँति चमकता है।

**प्रश्न 2. तालाबों का बहुत महत्त्व होता है। गड़ीसर तालाब का जैसलमेर में क्या महत्त्व है ?**

**उत्तर:** जैसलमेर के गड़ीसर का तालाब सदियों से यहाँ के लोगों की प्यास बुझाता आया है। यह तालाब यहाँ की जीवन-रेखा माना जाता है। अद्‌भुत सुन्दरता से युक्त इस तालाब की पाल पर मुक्तेश्वर मंदिर भी बना हुआ है।

## पठित गद्यांश

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए**

**( 1 )**
सुबह जैसलमेर के करीब पहुँचे तो देखा सूरज की किरणें जैसलमेर दुर्ग के पाषाण कणों को चमका रही हैं। जैसलमेर पहुँचे। होटल में ठहरे। तैयार होकर घूमने निकले। सबसे पहले किले को देखना तय हुआ। किला त्रिकूट पहाड़ी पर बना हुआ है। इसे त्रिकूटगढ़ नाम से भी जाना जाता है। महारावल राव जैसल ने इसका निर्माण करवाया। हम प्रथम पोल, अखैपोल से होते हुए दुर्ग के ऊपर पहुँचे। किले की सड़क भी पत्थरों की बनी हुई है। वहाँ हमने रंग महल, मोती महल, जैन मंदिर देखे। लक्ष्मीनाथजी के दर्शन भी किए।

**प्रश्न 1. इस गद्यांश को उपयुक्त शीर्षक लिखिए।**

**उत्तर:** ‘जैसलमेर की सैर।

**प्रश्न 2. किला कहां पर बना हुआ था?**

**उत्तर:** किला त्रिकूट पहाड़ी पर बना हुआ था।

**प्रश्न 3. किले में तुमने क्या-क्या देखा?**

**उत्तर:** किले में हमने रंग महल, मोती महल तथा जैन मन्दिर देखे। हमने लक्ष्मीनाथ जी के दर्शन भी किए।

**प्रश्न 4. विध्वंस’ शब्द का विलोम शब्द गद्यांश में से हूँढकर लिखिए।**

**उत्तर:** ‘निर्माण’ ना का त्याग ।